#2019/00399
67/2019
1117

FORM NO-III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत– **अपीलीय अधि0 एवं जिला कलक्टर** मुकाम **अजमेर**

तरूण अग्रवाल **बनाम** लोक सूचना अधि0 एवं प्रभारी अधि0 सूचना का अधिकार/न्याय शाखा, कलेक्ट्रेट, अजमेर

किस्म मुकदमा–सूचना का अधिकार अधि.–2005 **प्रकरण संख्या 67 सन् 2019**

तारीख हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हु...
17/9/19	पत्रावली पेश हुई। लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (RTI शाखा) कलेक्ट्रेट, अजमेर से प्राप्त टिप्पणी का अपील मीमो के अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपनिदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय अजमेर द्वारा प्रार्थी के आवेदन अनुसार बिन्दू संख्या 1, 2 एवं 4 की प्रेषित सूचना/प्रत्युत्तर पत्र दिनांक 27.08.2019 की प्रति प्रेषित की है, जिससे जाहिर है कि बिन्दु संख्या 03 की सूचना अभी भी अपेक्षित है। सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी को निर्दिष्ट किया जाता है कि प्रार्थी/अपीलार्थी को आदेश प्राप्ति के 10 दिवस में नियमानुसार उपलब्ध, देय सूचना/विनिश्चय से अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही अपने कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त पत्रादि/आवेदनों का व्यवस्थित संधारण करें ताकि अपीलोत्तर एवं सूचना प्रदान करने में विलम्ब ना हों। अपील, अपीलान्ट इसी कदर से निस्तारित की जाती है। आदेश की प्रति उभय पक्ष को प्रेषित हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। (हस्ताक्षर) **(विश्व मोहन शर्मा)** **जिला कलक्टर, अजमेर**	

कार्यालय जिला कलक्टर अजमेर

Scanned by CamScanner